## महत्वपूर्ण एवं खास

### नहाने गई महिला से छेड़खानी आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** दिनांक 10.04.2020 को थाना तमनार में 27 वर्षीय महिला द्वारा गांव के बलराम वैष्णव द्वारा छेडखानी एवं मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है , पीडिता ने बताया कि सुबह 06/30 बजे नहाने के लिए तालाब गई थी कि तालाब से नहाकर वापस आते वक्त सामुदायिक शौचालय के पास बलराम वैष्णव बुरी नियत से छेड़छाड़ कर अशोभनीय टिप्पणी किया और पकड़कर उसी के गमछे से उसका गला दबाने लगा और कुछ दूर तक खींचकर ले गया। पीडिता अपने आप को छुडाकर भागकर अपने घर आई और बाद थाने आकर बलराम वैष्णव के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्ट पर थाना तमनार अप.क्र. 119/2020 धारा 354,323 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### बैंक के असिस्टेंट मैनेजर की भाई-बहनों ने की पिटाई

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बड़ाजी थाना क्षेत्र के ग्राम बेलर में स्थित सेंट्रल बैंक के असिस्टेंट मैनेजर दीपक कुमार को लोन पास नहीं होने से नाराज गांव के ही रहने वाले दो भाई-बहनों ने जमकर पिटाई कर दी है। मारपीट का यह पूरा वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। मारपीट की घटना के बाद असिस्टेंट मैनेजर दीपक कुमार ने बड़ाजी थाना में दोनो भाई-बहन मीनाक्षी यादव और शंकर के विरूध्द रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेलर निवासी मीनाक्षी यादव और शंकर ने सेंट्रल बैंक में लोन के लिए अप्लाई किया था। लेकिन लोन के लिए जरूरी कागजात नही होने और डिफॉल्ट आने से लोन क्लियर नहीं हो पाया। जिससे नाराज दोनों भाई बहन आज सुबह बैंक पहुंचे और उसके बाद असिस्टेंट मैनेजर दीपक कुमार पर हाथापाई शुरू कर दी। शंकर ने मैनेजर की जमकर पिटाई कर दी मारपीट का पूरा वाकया बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। फिलहाल बड़ाजी पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 452, 323, 294, 186 और 32 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। और जल्द ही दोनों को गिरफ्तार करने की बात कही है।

### शराब समझकर पी गया सिनेटाइजर, अस्पताल में भर्ती

**भिलाई (आरएनएस)।** लाकडाउन के बाद प्रदेश में शराब की दुकानें पूरी तरह बंद है, शराबी अपने नशे के लिए तरह तरह की हथकण्डे अपना रहे हैं । शराब पीने की तलब उन्हें यम द्वार तक भी ले जाने की आगन्तुक दिखाई दे रहा है। कुछ ऐसा ही मामला भिलाई शहर के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में देखने को मिला है, यहां के रहने वाले सफाई कर्मचारी छोटू शराब समझकर सिनेटाइजर पी गया जिसके बाद उसकी स्थिति बिगड़नी शुरू हुई , वार्ड 70 के पार्षद दिनेश यादव की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती किया गया । समय रहते डॉक्टरो की मदद से उसका उपचार कर स्थिति पर कंट्रोल पा लिया गया। छोटू की स्थिति अभी सामान्य है । गौरतलब हो कि राजधानी रायपुर के बासटाल इलाके में रहने वाले आदतन शराबी तीन युवकों ने स्प्रिट पी लिया था ,और उन तीनों की मेकाहारा में मौत हो गई थी।

### मंदिर में चोरी, तीन गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** लक्ष्मणबन तालाब स्थित कॉली मंदिर से लॉक डाउन के दौरान मंगलवार की रात को तीन चोरों ने धावा बोल दिया। मंदिर में रखे दान पेटी को तोड़कर रुपए सहित अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। इसी बीच सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस के गश्ती दल ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली अंतर्गत लक्ष्मणबन स्थित काली मंदिर में रात में दो नाबालिग सहित तीन लोगों ने धावा बोल दिया। इसकी भनक लक्ष्मणबन में रहने वाले संजय तिवारी को लगी। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल नगर कोतवाल दुर्गेश शर्मा को दी। कोतवाली ने पेट्रोलिंग पर तैनात पुलिस टीम को अलर्ट कर दिया। इसके बाद लक्ष्मणबन तालाब स्थित बस्ती को चारों तरफ से घेराबंदी की गई और कुछ ही देर में सर्वमंगला रोड फ ोकटपारा निवासी सोनू जायसवाल पिता तीजराम जायसवाल 20 व दो नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपित सोनू जायसवाल पूर्व में भी चोरी के मामले में सेंट्रल जेल बिलासपुर में बंद था, जो कुछ दिनों पूर्व ही रिहा हुआ है। पुलिस ने उनके कब्जे से दानपेटी से निकाले गए 500 रुपये व अन्य सामान जब्त कर लिया गया है। चोरी के अलावा लॉक डाउन नियम का उल्लंघन करने पर धारा 188 का अपराध भी पंजीबद्ध किया गया है।

## लॉक डाउन में लोगों का जीवन आसान बना रही है नारी शक्ति

# पोषण दूत बनकर हितग्राहियों तक पहुंचा रही है रेडी टू ईट और सूखा राशन

» वित्तीय राहत के लिए बैंक सखी भी पहुंच रही है लोगों के घरों तक

» 1 लाख 23 हजार 534 लोगों तक पहुंची पोषण सहायता, 482 लोगों को मिली आर्थिक मदद

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कोरोना वायरस (कोविड-19)के संक्रमण के प्रभावी रोकथाम के लिए लॉक डाउन प्रभावशील है। अति आवश्यक सेवाओं के अतिरिक्त समस्त कार्य प्रतिबंधित है। गैर जरूरी व्यवसाय, प्रतिष्ठान, कार्यालय बंद है। लोगों के लिए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में भी प्रशासन जनहितैषी एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हितग्राही तक लगातार पहुंचा रहा है।



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रदेश को कुपोषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान प्रारंभ किया है। इस कठिन समय में उनके संकल्प को पूर्ण करने के प्रयासों को अनवरत जारी रखने का बीड़ा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने उठाया है, जो पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ पोषण दूत बनकर हितग्राहियों के घरों तक पहुंच रही है तथा उन्हें पोषण आहार एवं रेडी टू ईट प्रदान कर रही है।

इस कार्य को करने के लिए कार्यकर्ताओं को कई विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है फिर भी उनके जज्बे में कोई कमी नहीं है। महिला बाल विकास परियोजना कापू के पहाड़ी अंचल में बसा एक गांव है टेडासेमर। इस गांव में मुख्यत- पहाड़ी कोरवा निवास करते हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा लॉक डाउन के चलते खाने-पीने की समस्या से जूझ रहे इन लोगों तक पोषण आहार के साथ राशन पहुंचाने में मददगार साबित हो रही है। इसके साथ ही ग्रामीणों को पोषण के साथ कोरोना महामारी से लडऩे के लिए हाथों की सफाई, व्यक्तिगत स्वच्छता, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जैसे स्वास्थ्य सुरक्षा के गुर भी सीखा रही है। महिला बाल विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले के समस्त विकासखण्डों में कुपोषित बच्चों, गर्भवती व शिशुवती माताओं को मिलाकर कुल 1 लाख 23 हजार 534 हितग्राहियों तक 15 दिनों का सूखा राशन व रेडी टू ईट पोषण आहार पहुंचाया गया है।

### बैंक सखी हितग्राहियों के घरों तक जाकर कर रही है राशि का भुगतान

» रायगढ़ विकासखंड में एक दिन में बैंक सखियों ने किया लगभग 5 लाख 87 हजार का भुगतान



कोरोना महामारी के चलते लागू देशव्यापी लॉक डाउन के बीच लोगों की वित्तीय समस्याओं को दूर करने बैंक सखी लोगों के घरों तक जाकर उन्हें राशि का भुगतान कर रही है। जिससे लोगों को घर बैठे ही आर्थिक मदद मिल रही है। इस दौरान बैंक सखी कोरोना वायरस से बचाव के सुरक्षात्मक उपायों का भी पालन कर रही है। रायगढ़ विकासखण्ड में बैंक सखियों द्वारा एक दिन में ही 5 लाख 87 हजार 700 रुपए का भुगतान किया गया है। जनपद कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल को कुल 13 बैंक सखियों ने 482 ट्रांजेक्शन करवाये। जिसमें 152 लोगों को 2 लाख 22 हजार 600 रुपए का पेंशन राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार मनरेगा के 11 हितग्राहियों को 25 हजार रुपए, प्रधानमंत्री जनधन योजना के 192 खाताधारकों को 96 हजार, प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के 33 लाभार्थियों को 75 हजार रुपए, उज्जवला योजना अंतर्गत 37 लोगों को 41 हजार रुपए, एक व्यक्ति को धान बोनस 3500 रुपए तथा 52 लोगों को अन्य भुगतान अंतर्गत 124600 रुपए का भुगतान किया गया।

## खरसिया व सारंगढ़ क्षेत्र में पैदल पेट्रोलिंग कर रहवासियों को लॉकडाउन का पालन करने की अपील कर रही पुलिस

» खरसिया में अनावश्यक बाइक में घूमते 10 बाइकर्स की बाइक हुई जप्त, होगी कार्यवाही

» प्रशासन व पुलिस की टीम ने साईं ट्रेडिंग खरसिया व श्याम फ्लोर मिल को किया सील

» अधिक कीमत पर सामान बिक्री करने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन ना करने की शिकायत बाद दुकान सील


**न्याय साक्षी/ खरसिया/सारंगढ़।** पुलिस क्षेत्र के लोगों को लॉक डाउन का पालन करें तथा सोशल डिस्टेंसिंग, शारीरिक दूरी रखने के लिए आज प्रमुख चौक चौराहों पर पैदल पेट्रोलिंग कर लोगों को समझाइश देती रही। वही सुबह अनावश्यक बाइक लेकर फर्राटे लगाने वाले 10 युवकों की बाइक चौकी खरसिया में खड़ी कराया गया है, जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।



स्थानीय प्रशासन व खरसिया पुलिस की टीम प्रतिदिन सुबह खरीदारी के लिए छूट के समय खरसिया शहर के दुकानों को चेक किया जा रहा है। इस दौरान साईं ट्रेडिंग खरसिया तथा श्याम फ्लोर मिल द्वारा जिलाधीश द्वारा जारी आदेश (लाक डाउन) का उल्लंघन करने पर दोनों दुकानों को स्थानीय प्रशासन की टीम द्वारा सील किया गया है। वहीं ग्राम चपले में विजय अग्रवाल द्वारा किराना सामानों को अधिक मूल्य पर बेचने की शिकायत पर खरसिया पुलिस व स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, दुकान पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं कराया जा रहा था। स्थानीय प्रशासन द्वारा दुकान को सील किया गया है।

### गर्भवती महिला के लिए प्रधान आरक्षक ने किया रक्तदान

**न्याय साक्षी/ रायगढ़।** लॉकडाउन दौरान पुलिस अधिकारी/कर्मचारी अपने दैनिक कर्तव्यों के साथ-साथ इस आपात घड़ी में जनसेवा में तन मन धन लगाए हैं, इसका एक अच्छा उदाहरण घरघोड़ा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक मनोज मरावी द्वारा किए गए रक्तदान से जान पड़ता है। जब लाक डाउन में प्रसूता के परिजन व ब्लड डोनर रक्तदान के लिए अस्पताल आने में आनाकानी कर रहे थे, तब थाने से प्रधान आरक्षक जाकर स्वेच्छा से रक्तदान किया। जानकारी के अनुसार आज दिनांक 10.04.2020 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा से एक के बाद एक, दो पेशेंट के परिजन रक्त की तलाश में घरघोड़ा थाने आए। उन परिजनों में एक गर्भवती महिला के परिजन ने बताया कि इस रेयर ब्लड ग्रुप के



डोनर लाक डाउन होने से ब्लड डोनेट करने आ नहीं रहे हैं तथा ब्लड बैंकों में भी इस ग्रुप के ब्लड की कमी है। तब थाने में उपस्थित प्रधान आरक्षक मनोज मरावी उनकी बातें सुनकर अपना ब्लड ग्रुप भी प्रसूता के ब्लड ग्रुप का होना बताया और स्वेच्छा से उनके साथ सीएचसी घरघोड़ा जाकर रक्तदान किया। रक्तदान के बाद प्रधान आरक्षक द्वारा प्रसूता के परिजनों को कहा गया कि लॉक डाउन में छोटी बड़ी परेशानी सब को है, घबराने की आवश्यकता नहीं है, अन्य कोई परेशानी हो तो घरघोड़ा थाने आए संभवत आपको हर मदद मिलेगी।

## धर्मजयगढ़ पुलिस के साथ क्षेत्र के रहवासी भी हो रहे जागरूक



» कोरबा जिले से आने-जाने वाले अंदरुनी मार्ग अस्थायी रूप से बंद

» एसडीओपी धरमजयगढ़ द्वारा बॉर्डर के गांव में जाकर दिए समझाइश

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन पर जिले के सभी बॉर्डर पर चेकिंग बढ़ा दी गई है। वहीं पिछले दिनों कोरबा जिले में कोरोना वायरस के नए संक्रमित मिलने से कोरबा जिले से रायगढ़ जिले में प्रवेश करने वाले मुख्य मार्गों पर चेक पॉइंट्स पर जवान पहले से ही मुस्तैद हैं। साथ ही जंगल व गांव के अंदरुनी रास्तों से होकर जिले में प्रवेश करने वाले मार्गो पर पड़ने वाले गांव को आज एसडीओपी धर्मजयगढ़ सुशील कुमार नायक चेक करने पहुंचे। उन गांवों के भ्रमण में एसडीओपी खरसिया ने पाया कि गांव वाले कोरोना वायरस के संक्रमण को लेकर फिक्रमंद है और स्वयं ही अपने गांव के रास्तों को पेड़ों की झाड़ियां, डंगाल डालकर अवरुद्ध किए हैं। एसडीओपी धर्मजयगढ़ द्वारा गांव के लोगों को समझाइश दी गई कि सीमावर्ती जिले में कोरोनावायरस के संक्रमित पाए गए हैं कोई भी व्यक्ति गांव में आकर ठहरता है तो उसकी सूचना थाने में दें अनावश्यक किसी भी को परेशान ना करें और स्वयं लाक डाउन का पालन कर घरों में रहे अनावश्यक बाहर न घूमें।

### सूने मकान में चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** पसान थाना ग्राम पुटीपखना के एक सूने मकान से आभूषण बर्तन समेत अन्य सामानों की चोरी हुई थी। परिवार के सदस्य दशगात्र में शामिल होने कोटमी बिलासपुर गए थे। इसकी भनक चोर को लगने पर मकान का ताला तोड़कर आभूषण, बर्तन व अन्य सामानों की चोरी कर ली. जब मयाराम 8 अप्रैल को घर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था। वापस लौटने पर मकान में चोरी होने की जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी। पूछताछ में उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसके निशानदेही पर चोरी का आभूषण, बर्तन समेत अन्य सामान पुलिस ने जप्त कर लिया है।

## लॉकडाउन में खेल रहे थे जुआ, 15 पकड़ाए

**कोरबा (आरएनएस)।** लॉकडाउन को लेकर जहां लोग घरों में ही हैं. पुलिस लगातार पेट्रोलिंग करने के साथ चप्पे चप्पे पर तैनात हैं। इसके बाद भी जुआरी दांव लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं। लॉकडाउन के बाद भी जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को कोतवाली व पाली पुलिस ने पकड़ा है जिनके खिलाफ जुआ एक्ट के अलावा लॉकडाउन उल्लंघन करने के मामले में कार्रवाई की गई है।

कोतवाली पुलिस को सूचना मिली की पुरानी बस्ती में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके का घेराबंदी कर छापा मारा। जहां पुलिस ने मौके पर जुआ खेल रहे अजय सिंह, राजू साहू , दामोदर साहू , भीम निषाद, विजय सिंह, श्याम सिंह व संजय सिंह वर्ष सभी पुरानी बस्ती निवासी को पकड़ लिया. जिनके पास से पुलिस ने 6 हजार 960 रुपए एवं 52 पत्ती ताश जप्त किया है।

## जिले में विदेश से आये 178 में से 150 एवं अन्य राज्यों से आये 5958 में से 5732 यात्री होम आईसोलेशन में

» जिले में आज तक कोई भी कोरोना के पाजिटिव मरीज नहीं

» स्वास्थ्य विभाग कर रहा है इनकी नियमित मॉनिटरिंग

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 01 जनवरी 2020 के बाद विदेशों से कुल 178 यात्री आये हैं जिसमें से 150 यात्रियों का होम आईसोलेशन एवं क्वारेंटाईन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 28 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है। इनके घरों के आस-पास 50 घरों का कम्यूनिटी सर्वेलेंस किया गया है एवं सतत् निगरानी रखी जा रही है। जिले में अन्य राज्य से अब तक कुल 5958 यात्री आये हैं जिसमें से 226 यात्रियों का होम आईसोलेशन की अवधि 28 दिवस पूर्ण हो चुका है। शेष 5732 यात्रियों को होम आईसोलेशन में रखा गया है एवं सतत् निगरानी की जा रही है। जिले में कुल 116 व्यक्तियों का सेम्पल संग्रहण कर जांच हेतु भेजा गया है। जिसमें से 115 व्यक्तियों का रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त हुआ है। शेष 01 का रिपोर्ट अप्राप्त है। वर्तमान में जिले में किसी भी व्यक्ति में कोविड-19 बीमारी के लक्षण नहीं पाये गये है एवं आज दिनांक तक कोई भी कोविड-19 के पॉजिटीव मरीज नहीं है। निजामुद्दीन से आये जमाती लोगों को कन्टेन्मेंट प्लान के तहत चांदनी चौक एवं छातामुड़ा में 1 कि.मी.के दायरे के लगभग 3000-3000 घरों में सर्वे कार्य कराया जाना है। 10 अप्रैल 2020 को उक्त दिए गए क्षेत्रों में 500-500 घरों का सर्वे किया जा चुका है जिसमें सर्दी, खांसी के 19 लोग चिन्हांकित किए गए। जिनकी सूची तैयार की जा रही है एवं आवश्यकता पडऩे पर सैम्पल लिया जाएगा।

जिले के सभी निवासियों से अपील है कि लॉकडाउन को सफल बनाएं एवं सामाजिक दूरी के नियमों का कड़ाई से पालन करें तभी इसके प्रसार को नियंत्रित किया जा सकेगा। जिले में यदि ऐसे किसी भी संदिग्ध प्रवासी की जानकारी उन्हें प्राप्त होती है, तो टोल फ्री नम्बर 104 पर एवं अंतर्विभागीय समन्वय हेतु दोनों नम्बर 9589356700 तथा 9981811582 पर एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को तत्काल सूचना देवें। कोरोना संक्रमण के विरूद्ध लड़ाई में प्रशासन का सहयोग करें और अफवाहों से दूर रहें।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480